दिनांकः- 11.02.2021

महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

"मिशन शक्ति" अभियान के तहत स्कूली छात्राओं को सुरक्षा सम्बन्धी अधिकारों के प्रति किया जागरुक...।

उ0प्र0 शासन व उ0प्र0 पुलिस के द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरुक किये जाने हेतु चलाये जा रहे महाभियान *मिशनशक्ति* के तहत आज दिनाँक 11.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद में संचालित हो रहे **"मिशन शक्ति"** महाभियान कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी मिशन शक्ति निरीक्षक रचना सिंह मय टीम के साथ हरवंश राठौर इण्टर कालेज जैतपुर-बेलाताल महोबा में आयोजित मिशनशक्ति जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत उपस्थित बालिकाओं को नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व नारी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया, जिसमें कहा कि सभी छात्रायें अपने अधिकारों के प्रति सजग और जागरुक रहें आज के समय में छात्रायें किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है आप अपनी शक्ति को पहचाने इसी क्रम में कहा कि स्कूल आते जाने समय हमेशा सतर्क रहें और रास्ते में यदि कोई आपका पीछा करता है या कोई अपशब्द/अश्लील बातें या फब्तियां कसता है तो आप सभी को अपने सम्मान, अपनी सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति जागरुक होकर तत्काल असामाजिक तत्वों के विरुद्ध हेल्पलाइन नम्बरों- 112, 1090, 1076 या अपने नजदीकी पुलिस थाने को सूचना दें या फिर पुलिस के ट्वीटर हैंडल **@mahobapolice** का भी प्रयोग कर शिकायत दर्ज कराते हुये शोहदों को उनका सबक सिखायें इसी क्रम में सभी को जनपद के प्रमुख अधिकारियों के सीयूजी नंबरो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हे साइबर अपराध एवं महिला कानूनो की भी जानकारी दी देते हुये सभी को मिशनशक्ति जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण भी किया गया।

साथ ही टीम द्वारा मौजूद छात्रों को लड़कियों पर छीटाकशी/छेड़खानी करने व महिला सम्बन्धी अपराध करने से बचने की सलाह दी गई। उन्हे बताया गया कि कानून सभी के लिए बराबर है। बाल अपराध के खिलाफ भी कार्यवाही होगी। किसी भी विद्यार्थी को कोई परेशानी होने पर तुरन्त चाइन्ड केयर नं0 1098 पर फोन कर सकते हैं।

महोबा पुलिस

दिनांकः- 11.02.2021

सोशल मीडिया सेल

दो-पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें- प्रभारी यातायात

आज दिनाँक 11.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात श्री कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात महोबा उ0नि0 अरविन्द मिश्रा द्वारा मय टीम के **"राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह"** के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम के क्रम में नगर वासियों को यातायात के प्रति जागरुक करते हुये दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने व वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करने, नशे में ड्राइविंग न करने के उद्देश्य से पम्पलेट्स वितरित कर जागरुक किया गया। नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालको का **ई-चालान** भी किया गया। यातायात पुलिस सडक सुरक्षा को लेकर पूरी गम्भीरता के साथ कार्य कर रही है। जिसमें यातायात टीम द्वारा लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई जाती है।

कुलपहाड़ पुलिस द्वारा 01 नफर किशोर वाँछित को किया गया गिरफ्तार

आज दिनाँक 11.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में चलाये जा रहे वाँछित/वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत प्र0नि0 श्री रविन्द्र कुमार तिवारी द्वारा गठित टीम ने 01 नफर किशोर वाँछित जीतेन्द्र कुमार पुत्र मलखान सिंह कुशवाहा उम्र लगभग 16 वर्ष, निवासी मुहल्ला मस्तियानापुरा कस्बा जैतपुर थाना कुलपहाड जनपद महोबा, सम्बन्धित **मु0अ0सं0 297/2020 धारा 342/354ख/323/504/506 भादवि व 67 I.T. ACT व 8 पाक्सो एक्ट** को मुखबिर की सूचना पर कस्बा बेलाताल से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार किये गये वाँछित का विवरणः-

जीतेन्द्र कुमार पुत्र मलखान सिंह कुशवाहा उम्र लगभग 16 वर्ष, निवासी मुहल्ला मस्तियानापुरा कस्बा जैतपुर थाना कुलपहाड जनपद महोबा।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-

(1) उ0अनमोल सिंह 0नि0
(2) कां अनिल कुमार 0
(3) कांपवन कुमार 0

दिनांकः- 11.02.2021

महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

महोबा पुलिस द्वारा पैदल गस्त करके की गई संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग व पूछताछ

आज दिनाँक 11.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा पैदल गस्त के दौरान क्षेत्र के मोहल्ले/मुख्य बाजार/बस-स्टैण्ड, होटल, ढाबा आदि की संघन चेकिंग की गई एवं संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई । इसके साथ ही बार्डर के थानों द्वारा बैरियर लगाकर आने-जाने वाले व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की गई । **कोविड-19** का पालन कराये जाने तथा यातायात नियमो का उल्लंघन करने पर **23 वाहन चालको से 3900/-रू0 शमन शुल्क व 38 ई-चालान किये गये ।**

@mahobapolice SP Mahoba 7839857330

गुड मॉर्निंग महोबा
महोबा पुलिस
महोबा पुलिस द्वारा `गुड मॉर्निंग महोबा` अभियान के
तहत पुलिस/नागरिकों के बीच "पुलिस मित्र" के रुप में
बेहतर सम्बन्ध स्थापित करने की अनोखी पहल है । गुड
मार्निंग टीमें क्षेत्र में भ्रमण के दौरान छात्र/छात्राओं से
मार्निंग वाक के दौरान उनकी पढ़ाई/परीक्षाओं की
तैयारियों के बारे में भी वार्ता की गई एवं उनके उज्जवल
भविष्य की कामना की गई । साथ ही महिलाओं को
सुरक्षा का अहसास कराया गया ।
सोशल मीडिया सेल
दिनांक 11.02.2021